डॉ. कोमल कोठारी स्मृति लाइफ टाइम अचीवमेंट लोक कला पुरस्कार

चर्चा में क्यों?

2 फरवरी, 2022 को पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक कला केंद्र द्वारा प्रदत्त किया जाने वाला प्रतिष्ठित 'डॉ. कोमल कोठारी स्मृति लाइफ टाइम अचीवमेंट लोक कला पुरस्कार' जयपुर के लोककला मर्मज्ञ विजय वर्मा को स्वास्थ्य कारणों से उनके निवास स्थान पर प्रदान किया गया।

प्रमुख बिंदु

- राजस्थान के राज्यपाल एवं पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के अध्यक्ष कलराज मिश्र के निर्देशानुसार राज्यपाल के प्रमुख सचिव सुबीर कुमार और पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र की निदेशक किरण सोनी गुप्ता ने मानसरोवर स्थित विजय वर्मा के निवास पर पहुँचकर उन्हें सम्मानित किया।
- पुरस्कारस्वरूप विजय वर्मा को शॉल, प्रशस्ति-पित्र, एक लाख पच्चीस हजार पाँच सौ रुपए का चेक प्रदान किया गया।
- उल्लेखनीय है कि राजस्थान के जाने-माने कला मर्मज्ञ पँभूषण डॉ. कोमल कोठारी की स्मृति में केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय के पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर द्वारा दिया जाने वाला 'डॉ. कोमल कोठारी स्मृति लाइफ टाइम अचीवमेंट लोक कला पुरस्कार' हेतु इस बार संयुत्त रूप से महाराष्ट्र के ठाणे के कला मनीषी डॉ. प्रकाश सहदेव खांडगे तथा जयपुर के विजय वर्मा को चुना गया था।
- गौरतलब है कि डॉ. कोमल कोठारी को 'कोमल दा' के नाम से भी जाना जाता है। इन्होंने लोक कलाओं के संरक्षण के लिये अहम कार्य किये। इन्होंने राजस्थान की लोक कलाओं, लोक संगीत और वाद्यों के संरक्षण, लुप्त हो रही कलाओं की खोज आदि के लिये बोरूंदा में रूपायन संस्था की स्थापना की थी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/dr-komal-kothari-memorial-life-time-achievement-lok-kala-award